सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 9 अंक : 201 | इंदौर, बुधवार 31 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. PM Modi: 'कुछ लोगों की आदतन हुड़दंग से लोकतंत्र का चीरहरण'; संसद सत्र से पहले प्रधानमंत्री का विपक्ष पर निशाना
2. Toshakhana Case: तोशाखाना मामले में इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी दोषी करार, 14 साल जेल की सजा

### स्मार्ट मीटर बिजली कंज्यूमर्स के लिए नया आदेश

# तीन माह में स्वीकृत लोड से अधिक बिजली खपत की तो अगले वित्त वर्ष में बढ़ जाएगा लोड और बिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। विद्युत नियामक आयोग द्वारा स्मार्ट मीटर की व्यवस्था लागू किए जाने के बाद बिलिंग को लेकर जारी किए गए नियमों में बदलाव कर दिया गया है। इसके बाद अब उपभोक्ता की जेब से और अधिक पैसा निकलने का रास्ता खुल जाएगा। नियमों में किए गए बदलाव में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद यदि किसी फाइनेंसियल ईयर में उपभोक्ता के मिनिमम तीन बिलिंग में मीटर की मैक्सिमम डिमांड स्वीकृत लोड से अधिक हो जाएगी तो इस स्थिति में पहले से स्वीकृत लोड अपने आप तीन माह की मिनिमम लोड डिमांड के रूप में कनवर्ट हो जाएगा। यानी आपके मीटर का लोड कन्वर्ट होकर दूसरी मैक्सिमम डिमांड के लेवल वाले स्लाट में पहुंच जाएगी और उसकी बिलिंग उस डिमांड वाले लोड के मिनिमम बिलिंग के आधार पर शुरू हो जाएगी। आयोग ने कहा है कि इस नई व्यवस्था के आधार पर बिलिंग नए फाइनेंसियल ईयर के पहले महीने से ही होने लगेगी।**



### इसे ऐसे भी समझ सकते हैं

अगर किसी स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ता का बिल स्वीकृत लोड 1 किलोवाट के आधार पर आता है और साल भर के तीन बिलिंग साइकिल में उसके मीटर का लोड 1.2 किलो वाट, 1.3 किलोवाट और 1.4 किलो वाट तक पहुंच जाता है तो नए वित्त वर्ष के पहले महीने यानी अप्रेल माह का जो बिल आएगा उसमें बिलिंग की प्रक्रिया 1.2 किलोवाट के रूप में प्रभावी हो जाएगी और मीटर का लोड अपने आप अधिक हो जाएगा। इसका सीधा असर बिजली उपभोक्ता की जेब पर पड़ेगा। आयोग के नोटिफिकेशन में चूंकि उपभोक्ताओं को अलग से परिभाषित नहीं किया गया है, इसलिए यह सभी तरह के उपभोक्ताओं पर प्रभावी होगा। आयोग के नियम में यह भी कहा गया है कि इसी तरह की व्यवस्था लोड कम कराने के मामले में भी लागू होगी और तीन बिलिंग साइकिल के मिनिमम लोड के आधार पर ही लोड कम किए जाएंगे।

### पेनाल्टी से जरूर राहत रहेगी

आयोग ने यह भी कहा है कि इस लोड के बढऩे के बाद जो भी चार्ज लगने होंगे उसका भुगतान भी उपभोक्ता को ही करना होगा। मीटर नियमों में संशोधन के जरिये लागू किए गए नए नियमों में यह भी कहा गया है कि इसी तरह की स्थिति उपभोक्ता की संविदा डिमांड के मामले में भी लागू होगी। आयोग के सचिव उमाकांत पांडा के आदेश से हुए नोटिफिकेशन में यह भी कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगाने की तिथि से पहले की अवधि के लिए स्मार्ट मीटर में दर्ज मैक्सिमम डिमांड के आधार पर कोई पेनाल्टी वसूल नहीं की जा सकेगी। दूसरे शब्दों में जब से यह नियम प्रभावी होंगे तब से ही नए लोड के आधार पर भुगतान करना होगा। पूर्व की अवधि में पेनाल्टी बिजली अफसर नहीं वसूल सकेंगे।

### सिर्फ शार्ट नोटिस यानी मैसेज भेजेंगे

आयोग ने कहा है कि बढ़े हुए लोड पर बिजली बिल भेजने का काम एक अप्रेल से शुरू होने पर बिजली उपभोक्ता को अलग से कोई सूचना नहीं दी जाएगी। सिर्फ शार्ट नोटिस यानी मोबाइल पर मैसेज दे दिया जााएगा कि अप्रेल माह से उपभोक्ता का पहले से स्वीकृत मीटर लोड बढक़र अधिक हो गया है और उसकी बिलिंग बढ़े हुए लोड के आधार पर की जाएगी।

### एग्रीमेंट कराना होगा नए लोड के लिए

नियामक आयोग के आदेश के मुताबिक जब तीन बिलिंग साइकिल (चक्र) के आधार पर बढ़े हुए लोड पर बिल आने की स्थिति बनेगी तो बिजली कम्पनी के अफसरों की सूचना के बाद उपभोक्ता को नए सिरे से एग्रीमेंट कराना होगा। इसका खर्च उपभोक्ता को ही उठाना पड़ेगा। उपभोक्ता से इससे संबंधित चार्ज कम्पनी वसूल कर सकेंगी।

### डिस्काम को लेना होगा फैसला

बिजली अफसरों के अनुसार विद्युत नियामक आयोग के आदेश लागू करने के मामले में बिजली कम्पनियों को तकनीकी रूप से फिजिकल लोड का ध्यान रखना होगा। इसलिए बिजली कम्पनियों को इसके लिए अलग से व्यवस्था तय करनी होगी। कम्पनियों को अपने रीजन में ऐसे केस चेक कराकर फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करानी होगी और इसे डिस्काम को भेजना होगा। इसके बाद नियामक आयोग के आदेश पर अमल के लिए डिस्काम इसे लागू करने की व्यवस्था तय करेगा।

### मोहन सरकार की कैबिनेट बैठक आज ...

# कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देने का मामला उठेगा

### →स्वरोजगार पर भी होगी चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** डॉ. मोहन यादव कैबिनेट की बैठक बुधवार को मंत्रालय में होने वाली है। इस बैठक में सात माह से पेंडिंग प्रदेश के 12 लाख कर्मचारियों और पेंशनर्स को महंगाई भत्ते की राशि दिए जाने का मामला उठ सकता है। कर्मचारियों ने चार प्रतिशत महंगाई भत्ता देने में की जा रही देरी पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। बैठक में युवाओं को स्वरोजगार दिए जाने को



लेकर भी चर्चा होनी है।

प्रदेश में 31 जनवरी को डॉ. मोहन यादव सरकार स्वरोजगार दिवस मनाएगी। इसके लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम करके युवाओं को स्वरोजगार के लिए जा रहे लोन और निजी कंपनियों में कराए जा रहे प्लेसमेंट व रोजगार पर चर्चा होगी। सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट बैठक में आधा दर्जन से अधिक मसलों में युवाओं को रोजगार और कर्मचारियों की मांगों के अलावा नियमों के सरलीकरण को लेकर भी चर्चा होगी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य सरकार प्रदेश में शुरू किए जाने वाले अभियान को लेकर भी इस कैबिनेट में निर्णय करेगी।

### दिल्ली में हुई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात पर देंगे जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को दिल्ली में दिनभर केंद्रीय मंत्रियों के साथ प्रदेश के विकास के मुद्दों को लेकर मुलाकात करते रहे। इन मुलाकातों में प्रदेश हित में हुई चर्चा के साथ केंद्र से जल्द मिलने वाली वितीय मदद को लेकर भी मंत्रियों को जानकारी दी जाएगी।

# दाल मिलों की नई तकनीक प्रदर्शित करने इंदौर आएंगी जापान-कोरिया की कंपनियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दाल और दलहन उद्योगों की नई तकनीकों और मशीनों को लेकर विदेश की तमाम कंपनियां अगले सप्ताह इंदौर आ रही हैं। आल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन द्वारा दाल मिलों की नवीन तकनीकों को लेकर प्रदर्शनी शहर में आयोजित की जाएगी।**

उम्मीद है कि देशभर से 2000 से ज्यादा दाल मिलर्स एवं दलहन और खाद्यान्न व्यापारी प्रतिदिन प्रदर्शनी में सम्मिलित होंगे। औद्योगिक उत्पादन और आटोमेशन के लिए अमेरिका, जापान, कनाडा, जर्मनी, टर्की, स्पेन, चीन और कोरिया के अतिरिक्त अन्य देशों से विशेषज्ञ भी इस प्रदर्शनी में आ रहे हैं। आल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के




अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल व उपाध्यक्ष अनिल सुरेका और सुभाष गुप्ता तथा सचिव दिनेश अग्रवाल बताया कि संस्था द्वारा इंदौर में तीन दिवसीय महाकुंभ 2 से 4 फरवरी तक बायपास के श्री स्वामीनारायण मंदिर परिसर मुंडला नायता में आयोजित किया जाएगा। यह महाकुंभ दाल मिलों की आधुनिक व नई टेक्नोलाजी की मशीनों और मशीनरी पाट्र्स तथा नवीनतम कलर सार्टेक्स मशीनों पर आधारित होगा।

इंदौर में ही दालों की लगभग 175 से ज्यादा इंडस्ट्रीज कार्यरत हैं। यही वजह है कि दाल इंडस्ट्रीज से संबंधित इस एक्जीबिशन का आयोजन इंदौर में चौथी बार होने जा रहा है। प्रदर्शनी में आने वाली कंपनियों में कोरिया की एटीएस इंटरनेशनल, सटाके जापान, ड्रीम्स कलर शॉर्टर, मेयर कलर सार्टर एवं पिंगल ग्रुप चीन, सिमगा सिलास स्पेन, लंबटन कनवेयर्स कनाडा, सेलिस मकिना इंडस्ट्री व टाईकेरट तुर्किए के साथ ही भारत के अलग-अलग राज्यों की 100 से अधिक कंपनियां भी आएंगी। तकनीक से परिचित होने के लिए देशभर के मिलर्स इंदौर में आकर इस प्रदर्शनी को देखेंगे।

### सरकारी नीतियों पर होगी चर्चा

एसोसिएशन के साथ इस कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे दाल इंडस्ट्रीज के अनेक दिग्गज दाल मिलर्स ताजा मसलों पर चर्चा भी करेंगे। प्रदर्शनी के साथ एसोसिएशन तकनीकी सत्रों का आयोजन कर रहा है। इसमें दाल व फूड प्रोसेसिंग उद्योगों से जुड़ी नीतियों व मौजूदा दौर के विषयों पर बात होगी। वर्तमान पर चर्चा के साथ भविष्य को लेकर भी रूपरेखा बनाई जाएगी। तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञ व उद्योगपति वर्तमान में देश में कच्चे माल की उपलब्धता एवं कमी, जीएसटी के प्रभाव, पैकेजिंग की चुनौतियां और अन्य सरकारी नीतियां और उनके निराकरण के लिए केन्द्र सरकार एवं संबंधित राज्य सरकारों के समक्ष उन्हें संगठन के माध्यम से प्रस्तुत करने संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।

## शहीद दिवस पर नशा मुक्त भारत और मध्य निषेध समाज की ली शपथ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय रामबाग इंदौर में शहीद दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 2 मिनट का फोन रखकर के श्रद्धांजलि दी गई तथा नशा मुक्त भारत और मध्य निषेध समाज की भावनाओं को लेकर शपथ ली गई। नशा मुक्त समाज की संकल्पना को साकार करने की भावना से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. तृप्ति जोशी ने शपथ दलाई और सबको मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन राज्यों प्रभारी आचार्य गोपाल दास बैरागी ने किया। आभार माना डॉ. अभिषेक पांडे ने महाविद्यालय का संपूर्ण स्टॉफ एवं विद्यार्थी सहभागी बने।

## पिंड क़्वींस सिख वॉरियर्स और सिंघ वॉरियर्स ने जीता सिख प्रीमियर लीग ख़िताब

इंदौर। शहर के सिख समाज के युवाओ में स्पोट्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उदेश्य से व समाज के युवा टेलेंट को उभारने के लिए मध्यप्रदेश छतीसगढ़ केंद्रीय श्री गुरुसिंघ सभा इंदौर व फ़तेह पेनल द्वारा दस दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट सिख प्रीमियर लीग 2024 का योजन किया गया, जिसका फाइनल मैच चोइथराम स्थित टर्फ में खेला गया।




यह आयोजन मध्यप्रदेश छतीसगढ़ केंद्रीय श्री गुरुसिंघ सभा के अध्यक्ष हरपाल सिंह भाटिया व सुखप्रीत कौर मोनू भाटिया के सौजन्य से आयोजित किया गया। इस मौके पर एनिमल मूवी फेम एक्टर मनजोत सिंह और अमनजोत सिंघ , वल्ड सिख चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के ग्लोबल चेयरमेन डॉ परमीत सिंह चड्डा , डेली कॉलेज प्रिंसिपल डॉ गुनमीत बिंद्रा विशिस्ट अतिथी के रूप में शामिल हुए। इस आयोजन का संचालन रिक्की गांधी टीम द्वारा किया गया। रिक्की गांधी ने बताया की यह आयोजन समाज के लोगो को स्पोट्स में आगे बढ़ने की प्रेरणा जगाए इस उदेश्य से किया गया।

आयोजन में सभी वर्ग के लोगो ने हिस्सा लिया 18 से लेकर 60 साल तक के महिला पुरुष व बच्चों की 90 टीमों में 900 से अधिक खिलाडियों के बिच 10 दिन तक मैचेस खेले गए जिसमे सबसे बेहतर प्रदर्शन देने वाली दो दो टीमों के बिच मैचेस खेले गए। फाइनल मैच में जितने वाली टीम को ट्रॉफी और प्रोत्साहन राशि भेंट दी गई।इस मौके पर शहर के प्रथम नागरिक महापौर पुष्यमित्र भार्गव , विधायक मधु वर्मा , सांसद शंकर लालवानी , गौरव रणदिवे , नरेंद्र सलूजा व सिख समाज के गणमान्य अतिथि गण के साथ ही शहर के गुरुद्वारा कमेटी के मेम्बर मौजूद रहे।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## नगर निगम और शासन कोर्ट में नहीं बता सके कुत्तों के आतंक से निपटने के क्या हैं इंतजाम

→जनहित याचिका में हुई सुनवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में कुत्तों के के बढ़ते आतंक को लेकर हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में चल रही जनहित याचिका में सुनवाई हुई। इंदौर नगर निगम और शासन को बताना था कि उनके पास कुत्तों के आतंक से निपटने के क्या इंतजाम हैं। निगम और शासन दोनों ही के वकीलों ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता ने उन्हें याचिका की कापी अब तक नहीं दी है। कापी मिलने के बाद ही वे इसका जवाब दे सकेंगे। इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वे याचिका की प्रति उपलब्ध कराएं। कोर्ट मामले में मार्च के पहले सप्ताह में सुनवाई करेगा।

इंदौर में कुत्तों के काटने के मामले में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। नगर निगम ने कुत्तों की नसबंदी के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए, इसके बावजूद कुत्तों की संख्या नियंत्रित नहीं हो रही है। इंदौर में सिर्फ शासकीय हुकमचंद पाली क्लीनिक पर ही एंटी रैबीज टीका लगाने की व्यवस्था है, जबकि नियमानुसार हर शासकीय अस्पताल में एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाने की व्यवस्था होना चाहिए।

हुकमचंद पाली क्लीनिक में प्रति माह चार हजार से ज्यादा टीके लगाए जा रहे हैं। हर माह यह संख्या बढ़ रही है। शहर में कुछ निजी अस्पतालों में भी एंटी रैबीज टीका लगाने की व्यवस्था है। इन निजी अस्पतालों का आंकड़ा अब तक सामने नहीं आया है, लेकिन अनुमान है कि इंदौर में औसतन आठ हजार एंटी रैबीज टीके प्रतिमाह लगाए जाते हैं। जनहित याचिका में कुत्तों की समस्या से स्थायी समाधान की मांग की गई है।

**2014-15 से चल रही है नसबंदी की मुहिम-** नगर निगम वर्ष 2014-15 से कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए उनकी नसबंदी की मुहिम चला रहा है। वर्तमान में एक कुत्ते की नसबंदी के लिए एजेंसी को 925 रुपये दिए जा रहे हैं। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम सीमा में करीब दो लाख 60 हजार कुत्ते हैं। इनमें से पौने दो लाख कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है। शेष की नसबंदी के लिए दो एजेंसियां काम कर रही हैं।

# भूमाफिया चंपू अजमेरा के यहां ईडी का छापा, सुबह से पालीवाल नगर पहुंची टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **भू माफिया चंपू अजमेरा- नीलेश अजमेरा के पालीवाल नगर सहित कई ठिकानों पर ईडी की टीम ने बुधवार सुबह से छापेमारी कर रही है। आज सुबह टीम चंपू के घर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। माना जा रहा है कि इस छापेमारी में बड़ा खुलासा होगा।**

जमीन की गड़बडियों में बड़े स्तर पर खेल करने वाले भूमाफिया चंपू अजमेरा लगातार शिकायतों के बाद फरार चल रहा था। बाणगंगा में कालिंदी गोल्ड सिटी, फीनिक्स टाउनशिप, तेजाजी नगर में सैटेलाइट हिल्स कॉलोनी में धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। दिसंबर 2019 में तलाश में पुलिस ने उसके घर पर दबिश दी थी, पत्नी योगिता से पूछताछ की थी। इसके बाद योगिता को गिरफ्तार कर लिया गया था। क्योंकि वह चंपू की कंपनी के बोर्ड में शामिल है। पुलिस चंपू के पिता को भी गिरफ्तार कर चुकी है। इस छापे मारी के दौरान चंपू घर पर नहीं नहीं मिला था। कुछ समय बाद प्लाट धारकों से सेटलमेंट के लिए उज्जैन से इंदौर आते समय उज्जैन सांवेर रोड पर गिरफ्तार किया था। उसके पास से एक कार भी जब्त की गई थी। चंपू पर थाना बाणगंगा, लसुडिया, तेजाजी नगर, तुकोगंज थाना क्षेत्र में दो दर्जन से ज्यादा केस दर्ज हैं। चंपू ने अपने परिवार के साथ मिलकर फीनिक्स टाउनशिप समेत कई अन्य कॉलोनी काटकर लोगों से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी कर चुका है।

पुलिस ने सुखलिया के सीजेआरएम में रहने वाले मोहनलाल श्रीवास्तव की शिकायत पर चंपू के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। मोहनलाल ने पुलिस को बताया कि उसने चंपू की कंपनी फीनिक्स देवकॉन की कॉलोनी में 2009 में प्लॉट खरीदा था। उसका पूरा पैसा दे दिया। इसकी रजिस्ट्री भी हो गई। कुछ समय बाद कब्जा लेने पहुंचे तो पता चला कि वहां कोई प्लॉट ही नहीं था। चंपू से प्लॉट का बोला तो उसने धमकाया।

एक अन्य केस बजरंग नगर निवासी हीरालाल मलेरिया की शिकायत पर दर्ज हुआ है। उन्होंने 2010 में फीनिक्स देवकॉन में प्लॉट लिया था। नक्शे में चंपू ने जो जगह बताई, वहां प्लॉट मौजूद ही नहीं था। उस पर जमीन से जुड़े एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। इसमें अकेले फीनिक्स देवकॉन से ही आधा दर्जन से ज्यादा केस दर्ज हैं।

## कमरे में मिला युवक का शव

**इंदौर।** औद्योगिक नगरी पीथमपुर के बगदून थाना क्षेत्र स्थित जीवन ज्योति कालोनी में किराए से कमरा लेकर रहने वाले युवक की साइलेंट अटैक से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मकान मालिक ने मंगलवार को थाने पर आ कर सूचना दी, कि उसके घर में किराए से रहने वाले करण पिता गोपाल अंचल मृत अवस्था में मिला है। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंच कर पंचनामा बना कर परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पीथमपुर अस्पताल भिजवाया। युवक मूल रूप से मनावर का रहने वाला था और पीथमपुर स्थित एक कारखाने में काम करता था। उसका का एक दो वर्षीय बेटा भी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर एन के खांडे ने बताया कि युवक को मृत अवस्था में स्वास्थ केंद्र लाया गया था। शव के पोस्टमॉर्टम की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के अनुसार युवक की मौत साइलेंट अटैक से हुई है। मौत का खुलासा विसरा जांच के बाद हो सकेगा।

## लोडिंग चालक को घायल कर छोड़ा

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक बदमाश ने साथियों की मदद से लोडिंग वाहन चालक का अपहरण कर लिया। आरोपित उसको सुनसान जगह ले गए और जमकर पीटा। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक घटना सहयोग नगर में नूरी मस्जिद के सामने की है। फरियादी प्रमोद उर्फ प्रद्यम पिता पप्पू साहू निवासी कुशवाह नगर ने आरोपित रईस उर्फ बाका उसके बेटे आसिफ और बाबू के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रमोद ने पुलिस को बताया कि वह लोडिंग वाहन लेकर आया था। रास्ते में आरोपितों ने उसका अपहरण कर लिया। आरोपित खाली मैदान में ले गए और पिटाई करने लगे।

## मकान मालिक बदमाशों ने किया हमला

**इंदौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र में आने वाले न्यू गुराडिया में चोरी की वारदात को अंजाम देने आए बदमाशों ने मकान मालिक के साथ मारपीट कर दी। घटना डिजायर स्कूल के पास रात करीब 3 बजे हुई। घटना में मकान मालिक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज शहर के निजी अस्पताल में जारी है। मकान मालिक अब्दुल हफीज ने बताया कि वह सोमवार रात को घर में सो रहा था। तभी नीचे के कमरे से आवाज आई, इसके बाद जब नीचे जाकर देखा तो दो लोग घर की अलमारी का गेट तोड़ रहे थे। तभी मैंने पीछे से एक चोर को पकड़ लिया, इस दौरान अलमारी तोड़ रहे चोर ने मेरे ऊपर लोहे के पाने से वार कर दिए। इसके बाद चिल्लाने पर दोनों चोर वहां से भाग निकले। मामले में एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि न्यू गुराडिया में चोरी करने आए बदमाशों ने मकान मालिक के साथ मारपीट की है। घायल व्यक्ति के बयान लेकर जांच की जा रही हैं। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## दो सांड भिड़ें, कई वाहन हुए क्षतिग्रस्त

**इंदौर।** मंगलवार को सिमरोल रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे दो आवारा सांडों के बीच लड़ाई हो गई। आवारा पशुओं की लड़ाई से आसपास खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि इस दौरान किसी को चोट नहीं पहुंची। स्थानीय रह-वासियों ने बताया पिछले महीने एक सांड ने बुजुर्ग को पटक दिया था। इस दौरान बुजुर्ग पसलियां टूट गई थी। घटना के बाद बुजुर्ग का कई दिनों तक निजी अस्पताल में इलाज चला था। लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी पंचायत और छावनी परिषद इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

## खाई में गिरा ट्रक, भेरू घाट पर हुआ हादसा

**इंदौर।** मानपुर थाना क्षेत्र में स्थित मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग के भेरू घाट पर एक ट्रक खाई में पलटी खा गया। फिलहाल मौके पर जाम लगा हुआ है। साथ ही बाइक चालक के घायल होने की सूचना है। मौके पर पहुंची मानपुर पुलिस क्रेन की मदद से ट्रक को खाई में से निकलने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार, भेरू घाट पर हुए हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं। वहीं एक की मौके पर ही मौत हो गई, जिसकी मौत हुई है वह एक्टिवा पर सवार था और धामनोद की ओर जा रहा था। ट्रक अपनी चपेट में दो बाइक चालकों को भी घसीटते हुए नीचे खाई में ले गया। फिलहाल घायलों को मानपुर अस्पताल लाया जा रहा है।

## कार पलटने से ड्राइवर घायल

**इंदौर।** मंगलवार देर शाम राजेन्द्र नगर इलाके के गोपुर चौराहे समीप एक कार पलटी खा गई। घटना में ड्राइवर को गंभीर चोट आई है। उसे नजदीक के निजी अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पुलिस पहुंची। जानकारी के मुताबिक घटना देर शाम करीब साढ़े छः बजे की है। घटना के बाद पुलिस के द्वारा कार को क्रेन की मदद से सडक के किनारे करवाया गया। कार के दौरान कार में लगे एयर बैग भी खुल गए थे।

# ऑटो ड्रायवर की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस को अवैध संबंध का शक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एमजी रोड थाना क्षेत्र से एक ऑटो ड्राइवर की हत्या का मामला सामने आया है। उसे गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हत्याकांड का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें एक आरोपी दुकान की शटर बंद कर ऑटो ड्राइवर को मारते दिख रहा है।**



पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इधर महिला से अवैध संबंधों को लेकर भी बीत कही जा रही है। मामले में हत्या के पहले का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें युवक के साथ आरोपियों ने काफी बेरहमी से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। एमजी रोड पुलिस के मुताबिक घटना पीर गली इलाके की है। यहां जगदीश पिता सूरजपाल सिंह चौहान निवासी गोविंद कॉलोनी पर सिकंदर उर्फ देवा और नितिन ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जगदीश के सिर पर गंभीर चोट आने के बाद आरोपी उसे अस्पताल में छोडकर भाग गए। यहां मंगलवार देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सिकंदर और नितिन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि देवा से जगदीश की पत्नी रेखा की दोस्ती थी। रेखा पहले देवा की शॉप पर ही काम करती थी। शंका के चलते जगदीश ने नौकरी छुड़वा दी। इसी बीच जगदीश को पता चला कि रेखा अभी भी देवा से बात करती है। इसके चलते जगदीश ने बात करने के दौरान पत्नी का मोबाइल भी देख लिया। वहीं पीरगली में जाकर देवा से भी मोबाइल छीन लिया। इसके बाद देवा ने अपने साथी नितिन की मदद से दुकान में बंद कर बुरी तरह से लोहे के एगंल से जगदीश के सिर पर आधा दर्जन वार किये। करीब आधे घंटे तक उसे दुकान में बंद रखा। बाद में एंबुलेंस से दोस्त दिलीप अस्पताल ले गया। यहां जगदीश ने दम तोड़ दिया। इस हत्याकांड का लाइव एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें जगदीश को दुकान के अंदर देवा ले जाता दिखाई दे रहा है। आरोपी ने यहां बुरी तरह से जगदीश के सिर पर भी वार किये। इसके बाद वह लगातार मारते रहा। दुकान में मौजूद दिलीप ओर नितिन ने उसे रोकने की कोशिश की। लेकिन वह नही रुका। फिलहाल पुलिस ने वीडियो जब्त किया है। वही दुकान का सील कर आरोपी से लोहे की रॉड भी जब्त कर ली है।

# दस लाख से ज्यादा मासूम तिब्बतियों की नृशंस हत्या कर किया हमारे देश पर कब्जा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चीन ने मित्र का झूठा व फरेबी चोला ओढ़कर हमारे देश तिब्बत में कदम रखे, सडकों का निर्माण किया और फिर सेना द्वारा आक्रमण करके दस लाख से ज्यादा मासूम तिब्बतियों की नृशंस हत्या करके हमारे देश पर कब्जा कर लिया। चीन द्वारा अतिक्रमित तिब्बत में छोटे-छोटे बच्चों को उनके परिवार से छीनकर चीन द्वारा संचालित हास्टल में रखा जाता है और चीनी पद्धति सिखाई जाती है। इस प्रकार चीन आने वाली नस्लों की तिब्बती पहचान शून्य करने में लगा हुआ है। यह बातें तिब्बत के सांसद तेनजिन चोएजिन और न्यापा गयारी ने कहीं।

इंदौर प्रेस क्लब में अभ्यास मंडल ने भारत-तिब्बत सहयोग मंच के साथ तिब्बती प्रवासी सरकार के दो सांसदों का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य नागरिक शामिल रहे। दरअसल, तिब्बती नागरिकों पर चीन द्वारा किए गए जुल्म और उनके देश पर किए गए कब्जे को लेकर



तिब्बत की प्रवासी सरकार के सांसद पूरे देश के कुछ प्रमुख शहरों के संवाद दौरे पर हैं। इसी कड़ी में वे इंदौर भी पहुंचे।

इन्होंने बताया कि तिब्बत का क्षेत्रफल इतना है कि वह भारत के दो तिहाई क्षेत्रफल के बराबर है, मगर अब वहां केवल 60 लाख तिब्बती नागरिक ही बचे हैं। चीन वहां हान-चीनियों की आबादी बढ़ाने में लगा हुआ है। चीन ने वहां लीथियम के भंडारों पर कब्जा करके असंख्य डालरों का मुनाफा कमाया।

जिसे वह तिब्बती नागरिकों पर नहीं बल्कि अपनी सेना के विस्तार के लिए खर्च करता है। तिब्बत के पहाड़ों में भारी मात्रा में बर्फ होती है, जिससे बनने वाली नदियां 10 देशों को पानी देती हैं। चीन इन नदियों पर बांध बनाकर कभी भी बाढ़ या सूखे जैसी स्थिति निर्मित करने की योजना बनाता है।

बता दें कि भारत-तिब्बत सहयोग मंच (बीटीएसएम) पूरे देश में इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम आयोजित करवा रहा है। कार्यक्रम में शफी शेख, स्वप्निल व्यास, डा. अर्पण जैन, अरविंद पोरवाल, श्याम पांडे, एनके उपाध्याय, किशन सोमानी, दीप्ति गौर, पराग जटाले, यशवर्धन सिंह, सौरभ सिंह, विशाल गुप्ता, एमके सागर, माला सिंह ठाकुर, वैशाली खरे समेत कई लोग मौजूद रहे।

## पति ने पत्नी का गला रेता

**इंदौर।** चोइथराम मंडी में पति-पत्नी में हुई मामूली कहासुनी के बाद गुस्साए पति ने पत्नी का गला रेत दिया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया। उसने चरित्र शंका में इस वारदात को अंजाम देना कबूला है। महिला का नाम आरती बताया जा रहा है।

## जबलपुर मध्यप्रदेश का ग्रोथ इंजन -केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी

## प्रदेश की सड़के दुनिया में बढ़ा रही देश का मान- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# सड़कों के निर्माण से होगा प्रदेश का विकास

## स्मार्ट शहर के साथ स्मार्ट विलेज के निर्माण से बनेगा आत्मनिर्भर भारत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा है कि जबलपुर मध्यप्रदेश का ग्रोथ इंजन है। यह पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में जबलपुर का नाम पूरे देश में जाना जाता है। जबलपुर में सड़कों-पुलों के निर्माण और सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आर्थिक विकास के लिये सरकार कार्य कर रही है। श्री गडकरी जबलपुर में वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि सड़कों के निर्माण से उद्योगों का विकास होता है। पर्यटन में वृद्धि होती है। कृषि एक्सपोर्ट बढ़ता है और इस तरह सड़क प्रदेश के विकास की धुरी बन जाती है। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत का विजन, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 5 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का ध्येय गांव और किसानों के विकास से सीधा जुड़ा है। स्मार्ट शहर के साथ स्मार्ट विलेज के निर्माण से आत्म निर्भर भारत का निर्माण हो सकेगा। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग और रिंग रोड निर्माण के दौरान जमीन से खोदी गई मिट्टी और मुरूम की जगह पर पानी का स्टोरेज टैंक और तालाब बनाया जा सकता है। इससे वाटर कंजर्वेशन तो होगा साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए पानी भी उपलब्ध होगा। हर गांव की 75% जमीन सिंचित होगी तो किसान और गांव समृद्ध होंगे और कृषकों की आमदनी बढ़ेगी।




### किसान आगे बढ़कर बने ऊर्जा दाता

केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश का किसान, ग्रीन हाइड्रोजन, बायो एविएशन फ्यूल, बायो सीएनजी और बायो एलएनजी निर्माण की दिशा में कार्य करके अन्नदाता से आगे बढ़कर ऊर्जा दाता बन सकता है। कृषि से उपजे बायोमास को एनर्जी क्रॉप्स में परिवर्तित करें। पानीपत में इंडियन ऑयल के बिटुमिन प्लांट का उदाहरण देते हुए केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने बताया कि प्रदेश में पराली से 1 लाख लीटर एथेनॉल, 1.5 टन बिटुमिन और 75 हजार टन हवाई ईंधन तैयार किया जाता है। यह उत्पाद हवाई जहाज के ईंधन के रूप में उपयोग किए जा सकते है। इसे सस्टेनेबल एवियशन फ्यूल कहा गया है। दो साल पहले 26 जनवरी के कार्यक्रम में फाइटर जेट और हेलीकॉप्टर में बायो फ्यूल का उपयोग किया गया था।

### ऊर्जा निर्यात करने वाला देश बनेगा भारत

केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि कोयले से मिथनोल बनाया जाता हैं। डीजल में 15% मेथेनॉल मिलाकर बेंगलुरु में 25 बसें चलाने का प्रयोग सफल रहा है। मध्य प्रदेश में कोयले के प्रचुर भंडार उलब्ध हैं। मिथेनॉल की दर 22 रुपए लीटर और डीजल की 93 लीटर है। इस तरह मिथनॉल डीजल की अपेक्षा सस्ता ईंधन है। कोल माइन में मिथनॉल से चलने वाली मशीनें और ट्रक उपयोग करें। इन सब चीजों से देश में फॉसिल फ्यूल्स का आयात में कमी आयेगी। डीजल और पेट्रोल के उपयोग से होने वाला प्रदूषण कम होगा। मध्यप्रदेश में ऐसा प्रयोग करने और इस दिशा में अग्रणी होने की क्षमता है। देश का किसान देश के लिए ऊर्जा तैयार करेगा और देश ऊर्जा आयात करने वाला नहीं बल्कि ऊर्जा निर्यात करने वाला देश बनेगा। मध्यप्रदेश में फसल, फल सहित कृषि उत्पादों का प्रचुर मात्रा में उत्पादन होता है। राष्ट्रीय राजमार्ग और रिंग रोड से लगी सरकारी जमीन पर प्री कूलिंग प्लांट, कोल्ड स्टोरेज और लॉजिस्टिक पार्क आदि का विकास किया जा सकता है। इससे प्रदेश की सब्जी, फल और अन्य उत्पाद दुनिया के दूसरे देशों तक जाएंगे। इससे किसानों को फसल का सही दाम मिलेगा और क्षेत्र का विकास होगा। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने प्रदेश के विकास में उनके मंत्रालय से हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

### प्रदेश की सड़के दुनिया में बढ़ा रही देश का मान- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की सड़के देश का मान दुनिया में बढ़ा रही है। पहले प्रदेश में सड़कों में गड्ढे हुआ करते थे लेकिन अब देश और प्रदेश की सड़कें सुगम और त्वरित परिवहन का नया अध्याय लिख रही है। वर्ष 2013-14 तक देश में केवल एक हजार किलोमीटर के लगभग सड़कें थी। जो 10 साल में बढ़कर 1 लाख 61 हजार किलोमीटर तक निर्मित की गई है। प्रतिदिन 11.6 किलोमीटर सड़क निर्माण की गति अब बढ़कर 29.6 किलोमीटर हो गई है। इसकी गति किसी चमत्कार से कम नहीं है। पूरी दुनिया भारत के विकास की गति से हतप्रभ है।

## मध्य प्रदेश में 60 लाख वाहनों में नहीं लगा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की सख्ती के बाद भी प्रदेश में अभी 60 लाख वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लग पाए हैं। इनमें लगभग 15 लाख वाहन मालिक ऐसे हैं, जिन्होंने प्लेट लगवाने के लिए आनलाइन बुकिंग की है।**




इनके लगने के बाद भी वर्तमान स्थिति में 45 लाख से ज्यादा वाहन बच जाएंगे। हालांकि, नंबर प्लेट लगाने के लिए आनलाइन बुकिंग लगातार चल रही है। प्रदेश में कुल एक करोड़ 74 लाख वाहन हैं। हाई कोर्ट की सख्ती की वजह से परिवहन विभाग और पुलिस के आला अधिकारियों की चिंता बढ़ी है।पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर चालानी काईवाई तेज करने के लिए कहा है। जिलों में जागरूकता के लिए की जा रही गतिविधियों की रिपोर्ट भी प्रतिदिन तैयार की जा रही है, जिससे जरूरत पर हाई कोर्ट में पेश किया जा सके।हाई कोर्ट ने 15 जनवरी तक सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने, चार पहिया वाहन चालक और सवारी के लिए सीट बेल्ट और दोपहिया वाहन चालक एवं सवारी के लिए हेलमेट लगाने का सौ प्रतिशत पालन कराने के लिए परिवहन विभाग को कहा था, पर अभी तीनों प्रकार के नियमों पर पूरी तरह से अमल नहीं हो रहा है। इसकी बड़ी वजह परिवहन और गृह विभाग की ढिलाई है। वाहन चालकों के विरुद्ध सख्ती नहीं किए जाने के कारण वह लापरवाही कर रहे हैं। अतिरिक्त परिवहन आयुक्त अरविंद सक्सेना ने कहा कि ऐसे वाहन चालकों को चेतावनी दी जा रही है। चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। इसमें और तेजी लाने के लिए कहा गया है। फरवरी से पुलिस भी कार्रवाई तेज करने जा रही है।

### दिग्विजय सिंह अपनी ही पार्टी पर भड़के, बोले-

## मुझे ऐसे लोग बिल्कुल पसंद नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**राजगढ़**। राजगढ़ जिले के ब्यावरा में दिग्विजय सिंह सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष को फटकार लगाते हुए नजर आए। दरअसल, दिग्विजय सिंह को शिकायत मिली थी दिग्विजय सिंह के द्वारा नौकरी लगाई जाएगी। यह बात कहकर सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष ने कुछ लोगों से लाखों रुपय लिए।दिग्विजय सिंह राजगढ़ जिले के ब्यावर में कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उसी दौरान दिग्विजय सिंह ने मंच से पूर्व जिला अध्यक्ष को फटकार लगा दी। दिग्विजय सिंह ने पूर्व जिला अध्यक्ष को कहा, मेरे नाम से नौकरी लगने के नाम पर मेरे नाम से तुमने लाखों रुपये वसूले हैं तो वहीं दिग्विजय सिंह को पूर्व जिला अध्यक्ष सफाई देते नजर आए पूर्व जिला अध्यक्ष वीडियो में कह रहे हैं कि वह पैसा उन्होंने उधारी पर लिया था। नौकरी लगने के नाम पर नहीं तो वहीं गुस्साए दिग्विजय सिंह ने कहा, उनके घर के दरवाजे तुम्हारे लिए बंद हैं, दोबारा कभी नहीं आना ऐसे लोग मुझे नहीं पसंद।

## सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारी, मौत

**नीमच**। सीआरपीएफ के एक जवान ने खुद को गोली मार ली। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान सौरभ पिता तरसीम उम्र 26 वर्ष पंजाब के होशियारपुर जिले का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले ही वह घर से छुट्टी खत्म कर लौटा था। मंगलवार अल सुबह उसने सीआरपीएफ परिसर स्थित अपने बैरक के बाहर सर्विस राइफल से खुद को शूट कर लिया। जवान ने आत्महत्या से पहले कुछ मैसेज अपने भाई और अन्य परिजनों को किए थे, जिसमें पैसे के लेन-देन की बात सामने आई है। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। जवान के शव को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए पंजाब के होशियारपुर जिले के उसके पैतृक गांव रवाना कर दिया गया है।

## पटवारी को 35000 की रिश्वत लेते पकड़ा

**ग्वालियर**। कलेक्ट्रेट के पास बनवार चीनोर हल्का का पटवारी शैलेन्द्र सिंह परिहार जमीन के नामांतरण के ऐवज में मंगलवार को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। पटवारी जमीन मालिक को छह महीने से परेशान कर रिश्वत मांग रहा था। मंगलवार शाम पटवारी ने जमीन मालिक को कलेक्ट्रेट के पास ही पैसे लेकर आने के लिए कहा था। जमीन मालिक ने लोकायुक्त को सूचना दी। लोकायुक्त पुलिस की टीम ने पटवारी की घेराबंदी की।

## डबल मर्डर केस में 4 आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलौदा द्वारकाधीश गांव में भाजपा नेता व पूर्व सरपंच तथा उनकी पत्नी की हत्या के मामले का मंगलवार को पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। गांव के ही दो युवकों ने हत्या की थी। एक युवक व एक नाबालिग घर के बाहर ही रेकी कर रहे थे। आरोपी घर में शाम छह बजे से ही घुस गए थे।

रात करीब 12 बजे खिड़की की ग्रिल काटकर अंदर घुसे और सामान खंगाल रहे थे। आवाज सुनकर महिला व पति जाग गए तो आरोपितों ने पहचाने जाने के डर से चाकू व सब्बल से हमला कर दोनों को मौत के घाट उतार दिया। महिला ने काफी देर तक संघर्ष किया और एक आरोपित को दांतों से काट भी लिया था। जिसके बाद महिला का गला रेत दिया। आरोपित घर से मात्र दो हजार रुपये व चांदी के जेवर चुरा ले गए थे। जबकि तिजोरी में 18 लाख रुपये व जेवरात नहीं ले जा पाए। पुलिस ने तीन युवकों व एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सचिन शर्मा ने बताया कि नरवर थाना क्षेत्र के पिपलोदा द्वारकाधीश गांव में रहने वाले पूर्व सरपंच तथा भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनिवास कुमावत और उनकी पत्नी मुन्नी कुमावत की शुक्रवार रात उनके घर में घुसकर धारदार हथियारों से हत्या कर दी थी। कुमावत का साला सुरेश गांव में रहता है और खेती तथा दूध का कामकाज संभालता है। शनिवार सुबह करीब 6 बजे उसने काफी देर तक जीजा को फोन किया तो उन्होंने उठाया नहीं, इस पर वह घर पहुंच गया था। इस दौरान दूध निकालने वाला कर्मचारी रमेश भी पहुंच गया था। सुरेश घर की बाउंड्री का दरवाजा फांदकर मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा था। अंदर किचन में बहन मुन्नीबाई खून से लथपथ पड़ी थी, वहीं कमरे में जीजा भी मृत अवस्था में पड़े थे। पीछे का दरवाजा खुला हुआ था। खिड़की की ग्रिल भी कटी हुई थी।

## New Delhi

# कोहरे की मोटी चादर में लिपटा दिल्ली-एनसीआर आसपास का सबकुछ गायब, ट्रेन-फ्लाइट्स लेट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर आज कोहरे की मोटी चादर में लिपटा हुआ है। बुधवार सुबह की शुरुआत कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के साथ हुई। बाहर का नजारा देखकर ऐसा लग रहा था मानो आसपास का सबकुछ गायब हो गया है। विजिबिलिटी इतनी कम थी कि एक मीटर तक भी देखना मुश्किल हो रहा था। कोहरे का असर फ्लाइट और रेल सेवाओं पर पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में आज तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। इससे मौसम का मिजाज बदल जाएगा।



दिल्ली और आसपास के इलाकों में आज सुबह कोहरा छाया रहा, जिससे सड़कों पर विजिबिलिटी लगभग जीरो रही। हाड़ कंपा देने वाली सर्दी ने स्थिति को और खराब कर दिया है। कोहरे ने फ्लाइट सेवा पर एक तरह से ब्रेक लगा दिया है। मौसम की प्रतिकूल स्थिति के देखते हुए, दिल्ली एयरपोर्ट ने एक ट्रेवल एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में बताया गया है कि ऐसी उड़ानों में दिक्कत आ सकती है जो CAT III के अनुरूप नहीं हैं। यात्रियों से अपडेटिड फ्लाइट जानकारी के लिए अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करने का आग्रह किया गया है।

दिल्ली में जगह-जगह लोग कड़कड़ाती ठंड से बचने के लिए अलाव के आसपास हाथ सेकते, सर्दी से बचाव करते नजर आए। गिरते तापमान से न केवल आम जनजीवन प्रभावित हुआ है बल्कि रोजाना आना-जाना भी एक चुनौती बन गई है। कोहरे की घनी परत के कारण

## Himachal

### क्रिप्टोकरेंसी ठगी

# पैसे तीन गुना पाने के लालच में 20 माह में लुटाए 46 लाख, शिमला के 14 लोग हुए शिकार

**शिमला, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश में क्रिप्टोकरेंसी ठगी के बाद अब माईवी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करवाकर ठगने के मामले सामने आने लगे हैं। लोगों से माईवी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश पर 46.52 लाख रुपये का साइबर फ्रॉड करने का मामला सामने आया है। जनवरी 2023 में लोगों को पैसा तीन गुना करवाने का लालच देकर निवेश करवाया गया, लेकिन अब न तो एजेंट फोन उठा रहे और न साइट चल रही है। इस मामले में 14 लोगों ने नॉर्थ रेंज स्थित धर्मशाला के डीआईजी को शिकायत की है। बताया जा रहा है कि ठग जीकरपुर, चंडीगढ़, हरियाणा के रहने वाले हैं। राजधानी में साइबर फ्रॉड का यह पहला इतना बड़ा मामला सामने आया है। शिकायत के मुताबिक माईवी वेबसाइट और ऐप के जरिये क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर 46.52 लाख रुपये से ज्यादा का साइबर फ्रॉड किया गया है। जनवरी 2023 में शिमला शहर के ही एजेंट मान सिंह, कपिल और विनोद वर्मा इनके पास आए और कहा कि अगर वे माईवी क्रिप्टोकरेंसी पर आईडी बनाते हैं और पैसा निवेश करते हैं तो उन्हें तीन गुना रिटर्न मिलेगा।

1 लाख के निवेश पर 3 लाख रुपये का प्रलोभन दिया गया। इसके अलावा हर दिन की अलग से 0.5 डॉलर प्रतिशत के हिसाब से कमाई होगी। इस बीच शिमला, सोलन, सिरमौर, किन्नौर, चंडीगढ़ के करीब 14 लोग एजेंटों के झांसे में आ गए। एजेंटों ने सबसे पहले इन लोगों की आईडी कंपनी की साइट पर बनवाई। इसके बाद बिटकॉइन की तर्ज पर लाखों का निवेश किया। इस दौरान कुछ महीने बाद निवेशकों ने पैसा मांगना शुरू किया तो इन्हें कहा गया कि अभी सर्वर डाउन है, साइट नहीं चल रही।

## Uttarakhand

# एनआईवीएच की दृष्टि दिव्यांग नाबालिग छात्राओं से गंदी हरकत, यौन उत्पीड़न में शिक्षक-उपप्राचार्य को सजा

**देहरादून, (एजेंसी)** एनआईवीएच, राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान-एनआईईपीवीडी(एनआईईपीवीडी) में छात्राओं के यौन शोषण मामल में शिक्षक और उपप्राचार्य को कोर्ट ने सजा सुनाई है। दोषी तत्कालीन संगीत शिक्षक सुचित नारंग को कोर्ट ने 20 साल कठोर करावास की सजा सुनाई है। फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज पंकज तोमर ने दोषी पर कुल 60 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। केस में आरोपी को बचाने में मदद की दोषी की तत्कालीन उप प्राचार्य अनुसूया शर्मा को कोर्ट ने छह महीने की सजा सुनाने के साथ ही पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। शासकीय अधिवक्ता किशोर कुमार सिंह ने बताया कि 18 अगस्त को राजपुर थाने में बाल आयोग की तरफ से केस दर्ज कराया गया। आरोप था कि एनआईईपीवीडी (उस वक्त संस्थान का नाम एनआईवीएच) के तत्कालीन संगीत शिक्षक सुचित नारंग निवासी वासु एस्टेट जाखन ने संस्थान की एक नाबालिग छात्रा का यौन शोषण किया। कई अन्य छात्राओं के साथ भी अश्लील हरकतें की।

## Maharashtra

# 'घर में कौन-कौन है, जनगणना करनी है...', लुटेरों ने चाकू की नोक पर नायब तहसीलदार की पत्नी को लूटा

**अमरावती, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के अमरावती शहर के राठी नगर इलाके में दिनदहाड़े दो लुटेरों ने चाकू की नोक पर नायब तहसीलदार के घर को लूट लिया। घर पर अकेली रह रही महिला को डरा धमकाकर बदमाश नगद और सोने-चांदी के गहने के साथ 5 लाख का सामान लेकर फरार हो गए.

इस वारदात के बाद अमरावती शहर के पॉश इलाखे राठी नगर में खलबली मच गई. बता दें कि यह दोनों बदमाश घर में यह कहकर घुसे थे कि सरकार और प्रशासन की ओर से जनगणना शुरू है. इसकी जानकारी जुटाने हम आए हैं. झांसा देकर नायब तहसीलदार के घर पर घुसे बदमाशों ने अकेली महिला को देखकर उनसे उनका नाम और बाकी लोगों की जानकारी पूछी. इस दौरान पानी पीने का बहाना किया. महिला जब पानी लाने के लिए अंदर गई, तो मौके का फायदा उठाते हुए दोनों बदमाशों ने महिला के गले पर धारदार चाकू लगा दिया. इस वारदात के बाद अमरावती शहर के पॉश इलाखे राठी नगर में खलबली मच गई. बता दें कि यह दोनों बदमाश घर में यह कहकर घुसे थे कि सरकार और प्रशासन की ओर से जनगणना शुरू है. इसकी जानकारी जुटाने हम आए हैं. झांसा देकर नायब तहसीलदार के घर पर घुसे बदमाशों ने अकेली महिला को देखकर उनसे उनका नाम और बाकी लोगों की जानकारी पूछी. इस दौरान पानी पीने का बहाना किया. महिला जब पानी लाने के लिए अंदर गई, तो मौके का फायदा उठाते हुए दोनों बदमाशों ने महिला के गले पर धारदार चाकू लगा दिया.

## खेल

# सुपर-6 में टीम इंडिया का जीत के साथ आगाज

## न्यूजीलैंड को 214 रन से हराया, 81 रन पर पारी समेटी

**ब्लोमफोंटेन (द. अफ्रीका)।** भारत ने सुपर सिक्स ग्रुप-1 के अपने मुकाबले में न्यूजीलैंड को 214 रन से हराया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 295 रन बनाए थे। मुशीर खान ने 131 रन की पारी खेली थी। वहीं, आदर्श सिंह ने 52 रन बनाए थे। जवाब में कीवी टीम 28.1 ओवर में 81 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा रन कप्तान ऑस्कर जैक्सन (19) ने बनाए। भारत के लिए सौमी पांडे ने चार विकेट लिए। वहीं, मुशीर खान और राज लिम्बानी को दो-दो विकेट मिले।



### →अंक तालिका का हाल

भारत ने ग्रुप स्टेज में अपने तीनों मैच जीते थे। भारत ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन, दूसरे मैच में आयरलैंड को 201 रन और तीसरे मैच में अमेरिका को 201 रन से हराया था। ग्रुप-ए में टीम इंडिया शीर्ष पर रही थी। सुपर सिक्स ग्रुप-1 में ग्रुप-ए और ग्रुप डी की शीर्ष तीन टीमों को एक साथ रखा गया है। वहीं, सुपर सिक्स के ग्रुप-2 में ग्रुप-बी और ग्रुप सी की शीर्ष तीन टीमों को एक साथ रखा गया है। भारत के ग्रुप में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश, नेपाल और आयरलैंड की टीमें हैं। ग्रुप-ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम सुपर सिक्स में ग्रुप डी में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। वैसे ही ग्रुप-ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम ग्रुप डी में शीर्ष और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों से भिड़ेगी। ऐसे में भारत का सामना न्यूजीलैंड के बाद नेपाल से दो फरवरी को होगा। सुपर सिक्स में फिलहाल भारतीय टीम शीर्ष पर है।

### →भारतीय पारी

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 50 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 295 रन बनाए थे। टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही थी। अर्शिन कुलकर्णी नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। इसके बाद आदर्श ने मुशीर के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 77 गेंद में 77 रन की साझेदारी निभाई। आदर्श 58 गेंद में छह चौके की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान उदय सहारन ने मुशीर के साथ 87 रन की साझेदारी निभाई। उदय बड़े शॉट के चक्कर में विकेट गंवा बैठे। वह 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। अरावेली अवनीश 17 रन, प्रियांशु मोलिया 10 रन, सचिन दास 15 रन बनाकर आउट हुए। इस बीच मुशीर खान ने शतक जड़ा। यह उनका इस टूर्नामेंट में दूसरा शतक रहा। वह फिलहाल टूर्नामेंट के हाईएस्ट स्कोरर हैं। चार मैच की चार पारियों में 81.25 की औसत से 325 रन बना चुके हैं। इनमें दो शतक और एक अर्धशतक है।

## सिनेमा

# बिग बॉस 11 फेम कंटेस्टेंट ने दर्ज करवाई FIR, दोस्त पर लगाया रेप का इल्जाम




बिग बॉस 11 में नजर आईं फीमेल कंटेस्टेंट ने अपने दोस्त पर बड़ा आरोप लगाया है. एक्ट्रेस और मॉडल के रूप में इंडस्ट्री में एक्टिव पीड़िता का कहना है कि उनके दोस्त ने उन्हें अपने फ्लैट पर बुलाकर उनका बलात्कार किया है. पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने साउथ दिल्ली के पुलिस स्टेशन में दोस्त के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है. इसके आधार पर पुलिस ने FIR दर्ज कर ली है और मामले की जांच में लग गई है.

बिग बॉस के सीजन 11 में इस कंटेस्टेंट ने खूब लाइमलाइट बटोरी थी. उन्हें घर में अपने झगड़ों और होस्ट सलमान खान संग मस्तीभरी बातों के लिए जाना जाता था. शो से पहले भी कई बार इस कंटेस्टेंट का नाम विवादों में रहा था. हालांकि शो के बाद उन्हें खास फेम नहीं मिला. अब वो एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं.

बिग बॉस 17 के हो रहे चर्चे

टीवी शो बिग बॉस की बात करें तो रविवार, 27 जनवरी को इसके सीजन 17 का फिनाले हुआ है. ऐसे में हर तरफ शो के चर्चे हो रहे हैं. बिग बॉस 17 में टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे, उनके पति विक्की जैन, प्रियंका चोपड़ा की कजिन मनारा चोपड़ा, ईशा मालविया, अभिषेक कुमार, कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी और यूट्यूबर अरुण महाशेट्टी ने हिस्सा लिया था.

# संपादकीय

## दिनोदिन बढ़ती लागत

यह भी छिपी बात नहीं है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं में देरी और फिर उनकी लागत बढने के पीछे बड़ा कारण भ्रष्टाचार है। ठेकेदार और वित्तपोषण करने वाले विभाग के बीच अक्सर भुगतान को लेकर रस्साकशी देखी जाती है। समय पर भुगतान न मिल पाने से ठेकेदार काम बीच में छोड़ देते हैं। भुगतान समय पर न मिलने के पीछे अक्सर कमीशनखोरी बड़ा कारण होती है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक डेढ़ सौ करोड़ रुपये से अधिक खर्च वाली चार सौ इकतीस बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत 4.82 लाख करोड़ रुपए से अधिक बढ़ गई है। मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार बीते दिसंबर तक एक हजार आठ सौ बीस ऐसी परियोजनाएं देर से चल रही थीं, जिनमें से चार सौ बत्तीस परियोजनाओं की लागत बढ़ गई है। ये परियोजनाएं औसतन तीन वर्ष से अधिक की देरी से चल रही हैं। इसके प्रमुख कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग से मंजूरी मिलने में देरी और बुनियादी संरचना में कमी को बताया गया है। इसके अलावा परियोजना का वित्तपोषण, विस्तृत अभियांत्रिकी को मूर्त रूप देने में देरी, परियोजनाओं की संभावना में बदलाव, निविदा प्रक्रिया और ठेके देने में देरी, उपकरण मंगाने में विलंब, अप्रत्याशित भू-उपयोग में परिवर्तन आदि भी बड़े कारण हैं। ये सारी वजहें पहले भी बताई जाती रही हैं। इससे निपटने के लिए परियोजना में देरी होने पर ठेकेदार से प्रतिदिन के हिसाब से विलंब शुल्क वसूलने का प्रावधान किया गया। तब माना गया कि इससे परियोजनाएं समय पर पूरी हो सकेंगी और उन पर लागत बढने के खर्च से बचा जा सकेगा। मगर अब भी चार सौ से ऊपर परियोजनाएं अगर तीन वर्ष की औसत देरी से चल रही हैं, तो जाहिर है कि परियोजनाओं को मंजूरी देने से पहले उनके व्यावहारिक पहलुओं का मूल्यांकन ठीक से नहीं किया जाता। आमतौर पर सड़कों, पुलों आदि जैसी बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं का निर्णय राजनीतिक स्तर पर ले लिए जाते हैं। उनके मूल्यांकन में प्राय: संभावित अड़चनों, मसलन भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण संबंधी मानक, भू-उपयोग आदि को लेकर लापरवाही बरती जाती है। बिना जरूरी मंजूरी के परियोजनाओं के ठेके इस विश्वास के साथ दे दिए जाते हैं कि उन अड़चनों से पार पा लिया जाएगा। इसका नतीजा यह होता है कि कहीं अगर परियोजना के बीच में आने वाले किसी छोटे से हिस्से पर भी किसी ने मुकदमा कर दिया, तो वह तब तक लटक जाती है, जब तक न्यायालय का निर्णय नहीं आ जाता। मुआवजे आदि को लेकर भी विवाद पैदा हो जाते हैं।

### अर्ज किया है..!

*लोग कहते हैं*
*मोहब्बत में असर होता है*
*कौन से शहर में होता है*
*किधर होता है*

*-मुसहफ़ी ग़ुलाम हमदानी*

MORARI BAPU




सत्य-प्रेम-करुणा...

**हम सच बोलकर सच्चे नहीं हो सकते, अच्छा बोलने से अच्छे नहीं हो सकते, ह्रदय की हद बढानी पड़ती है, केवल दाढ़ी बढानें से साधु नहीं बन सकते।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# साइबेरिया के गड्ढों का वैज्ञानिकों ने खोला रहस्य... पाताल के अंदर से आती थी भयानक विस्फोट की आवाज



साइबेरिया (Siberia) में करीब एक दशक पहले आठ ऐसे गहरे विशालकाय गड्ढे खोजे गए थे, जो पूरे आर्कटिक इलाके में और नहीं थे. 160 फीट गहरे इस गड्ढों से विस्फोट की भयानक आवाज आती रहती थी. करीब दस साल तक वैज्ञानिक इनसे आने वाली आवाज़ों से हैरान-परेशान थे. अब जाकर इनके रहस्य का खुलासा हुआ है. ये कैसे बने? आवाज क्यों आती थी.

रूस के उत्तरी यमाल (Yamal) और जिडान (Gydan) प्रायद्वीप में ये गड्ढे हैं. यह पूरा इलाका साइबेरियन पर्माफ्रॉस्ट का है. हाल ही में वैज्ञानिकों ने EarthArXiv में प्रीप्रिंट पेपर प्रकाशित किया है. जिसमें इन गड्ढों के बनने के रहस्य के खुलासे का दावा किया गया है. क्योंकि पिछले कई सालों से इन गड्ढों के बनने के अलग-अलग कारण गिनाए जाते रहे हैं.

एक कारण गिनाया गया - ये गड्ढे यानी क्रेटर ऐतिहासिक झील का हिस्सा रहे हैं. जो अत्यधिक सर्दी की वजह से पहले जम गया और बाद में सूख गया. इसके बाद जब जमीन के अंदर से प्राकृतिक गैस (Natural Gas) के बाहर निकलने का दबाव बढ़ा तो भयानक विस्फोट के साथ बड़े-बड़े गड्ढे बनते चले गए.

### हर जगह ऐतिहासिक झील नहीं, इसलिए थ्योरी फेल हो गई

लेकिन ऐतिहासिक झील वाली थ्योरी इसलिए फेल हो गई क्योंकि जायंट एस्केप क्रेटर्स (GECs) पर यह सेट नहीं होती. क्योंकि प्रायद्वीप पर भौगोलिक स्थितियां ऐसी नहीं है. क्योंकि हर गड्ढे के ऊपर कोई ऐतिहासिक झील नहीं थी. इसके पहले भी पर्माफ्रॉस्ट में बने गड्ढों की एक वजह प्राकृतिक गैस का निकलना बताया गया है. लेकिन इससे यह पता नहीं चलता कि ये गड्ढे सिर्फ उत्तरी रूस में ही क्यों बने?

### पर्माफ्रॉस्ट की चौड़ाई कहीं कम तो कहीं बहुत ज्यादा

इसलिए शोधकर्ताओं ने यमाल और जिडान में बने गड्ढों को लेकर अपनी रिपोर्ट में इस थ्योरी को खारिज कर दिया. क्योंकि इस प्रायद्वीप में बने पर्माफ्रॉस्ट की चौड़ाई में अंतर है. कहीं यह 1600 फीट चौड़ी है, तो कहीं कुछ सौ फीट है. ऐसा माना जाता है कि यहां कि मिट्टी 40 हजार साल से ज्यादा समय से जमी हुई है. पर्माफ्रॉस्ट बनी हुई है.

### यमाल-जीडान के पर्माफ्रॉस्ट में गैस का भारी भंडार

जमने की वजह से इस जमीन में भारी मात्रा में मीथेन गैस इकट्ठा हो गई. यानी भारी मात्रा में प्राकृतिक गैस भंडार बन गया. इस गैस भंडार की वजह से गर्मी पैदा हो रही थी. अंदर से पर्माफ्रॉस्ट पिघल रहा था. जिसकी वजह से जमीन के अंदर हवा के पॉकेट बन रहे थे. यानी खोखले हिस्से. फिर धीरे-धीरे जब तापमान बढ़ना शुरू हुआ, तब रूस के पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने का खतरा भी बढ़ता चला गया.

### बढ़ते तापमान की वजह से लगातार पिघल रहा पर्माफ्रॉस्ट

यमाल और जीडान में पर्माफ्रॉस्ट जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ऊपर और नीचे दोनों तरफ से पिघल रहा था. जिसकी वजह से परत पतली होती जा रही थी. कमजोर पर्माफ्रॉस्ट पर जब नीचे की तरफ से गैस रिलीज होने का दबाव बना तो जो एयर पॉकेट बने थे, वो तेजी से धंस गए. ऊपर की मिट्टी जमीन में धंस गई. बड़े गड्ढे बन गए.

### और भी गड्ढे रहे होंगे... जो समय के साथ भर गए

शुरूआत छोटे गड्ढों से हुई जो बाद में और विस्फोट की वजह से बड़े होते चले गए. कुल मिलाकर इस इलाके में ऐसे आठ गड्ढे बने. विस्फोट से भारी मात्रा में बर्फ बाहर निकली. जिससे जमीन पर आसपास दरारें भी पड़ीं. वैज्ञानिकों का मानना है कि यहां और भी गड्ढे रहे होंगे, जो समय के साथ पानी और मिट्टी के बहाव की वजह से भर गए होंगे.

एक अनुमान के अनुसार आर्कटिक पर्माफ्रॉस्ट में 1900 बिलियन टन ग्रीनहाउस गैस जमा है. यानी कार्बन डाईऑक्साइड और मीथेन. लगातार बढ़ता तापमान और जलवायु परिवर्तन रूस के पर्माफ्रॉस्ट के लिए खतरा बनता जा रहा है. अगर ये पिघले तो दुनिया में कई जगहों पर बड़ी प्राकृतिक आपदाएं आ सकती हैं.

## Highlights

1. **Indian-origin couple jailed in UK for exporting cocaine, had killed adopted son in India**
2. **Deep sorrow: Scindia reacts to tragic news of Naxalite attack**
3. **Nationwide ₹158-crore 'work-from-home jobs' scam busted, 9 arrested**
4. **CM Himanta Biswa discusses key projects with Nitin Gadkari**
5. **Shiv Sena MLA Anil Babar passes away aged 74**
6. **Chandigarh Mayoral election video: AAP candidate breaks down**
7. **India reduces import duty on mobile components to 10% from 15%**

# Booking a flight? Take a look at the busiest hours at India's top airports

**NEW DEIHI, (Agency).** The last seven days saw 19,940 domestic departures in India, against the approved 23,732 departures. Data shared by Cirium, an aviation analytics company, exclusively for this article, shows that Indian carriers are planning 21,081 departures in the first week of February. A spate of cancellations due to operational, commercial and weather related reasons leads to the drop in actual number of flights being operated versus planned.



One often thinks that the busiest times at the Indian airports would be between 0600 and 0700 hours in the morning, but it's not. Contrary to the popular belief that the morning hours are the busiest ones, the maximum departures in India are actually between 1500 and 1600 hours with 1,274 departures a week. The least? Between 0300 and 0400 hours, with just 70 weekly departures.

Which time bands have maximum flights?

The highest flights per week are in the 1500-1600 time band, followed by 1265 flights in the 0800 - 0900 hours. There are 1264 weekly flights mid-day, between 1200 hours to 1300 hours.

The 0600 to 0700 hours time band comes in twelfth with just 1104 weekly departures, closely followed by the 0700 - 0800 hours with 1065 weekly departures.

In the evening hours, the most dense time band by departures is 1800 - 1900 hours with 1151 weekly departures and is the eight most busiest hour of the day. The 2000 - 2100 hour is the 14th most busiest hour with 1062 weekly departures, followed by the 1900 - 2000 hours is 15th most busiest with 1016 weekly departures.

How is it at the top airports?

At Delhi, which sees 3,273 weekly domestic departures, the busiest hour is 0800-0900 with 194 weekly departures, closely followed by the 0700-0800 hour with 190 weekly departures. The 1100- 1200 hour comes in next with 186 weekly departures. The busier hours are indicative of the hub status of the airport, which sees planes from across the country land early and take off between 0700 to 0900 hours.

# Number Theory: Ten years of Modi government and the Indian economy – II



**NEW DEIHI, (Agency).** The second Narendra Modi government will present its last budget, albeit an interim one, on Thursday. How has this government performed on the economic front in the last 10 years? The first part of this two-part data journalism series looked at growth, employment and inflation data during this period. While these are the most critical aspects of an economy, a holistic economic analysis requires going beyond those numbers. In the concluding part of this series, we look at the nature of fiscal policy, dynamics in the financial sector, and the level of confidence in the Indian economy.

# "मंथरागान - एक अभियान" की तीसरी श्रृंखला संपन्न हुई

DGR @ एल. एन. उग्र

**इंदौर।** गत दिवस श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के सभागार में श्री सत्य नारायण सत्तन जी द्वारा रचित ग्रंथकाव्य 'मंथरा' के स्वरगान की प्रस्तुति की तीसरी श्रृंखला संपन्न हुई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री राजेश तिवारी अध्यक्ष श्री परशुराम सेना पूर्वी क्षेत्र, अध्यक्षता श्री दीपक शर्मा अध्यक्ष श्री परशुराम सेना महानगर इंदौर के द्वारा की गई। अतिथियों को एवं स्वरगान करने वाले पुष्पेंद्र पुष्प को मंचासीन कराया गया। अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया सरस्वती वंदना अपनी सुमधुर आवाज में डॉक्टर दीप्ति गुप्ता द्वारा की गई। अतिथियों का स्वागत समिति की ओर से , सूत्रधार - संयोजक एल.एन .उग्र एवम श्री पुष्पेंद्र दुबे द्वारा पुष्पहार से किया गया। तत्पश्चात पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा मंथरा गान की प्रस्तुति दी गई जिसमें मंथरा के चरित्र तथा उसके कृतित्व पर प्रकाश डाला।अपने स्वर में मंथरागान को प्रस्तुत किया गया। जिसकी सभी ने हर्ष ध्वनि के साथ प्रशंसा की। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्री राजेश तिवारी जी द्वारा पुष्पेंद्र पुष्प के ' मंथरागान ' की प्रशंसा की उसे अद्भुत बताया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री दीपक शर्मा श्री परशुराम सेना महानगर इंदौर द्वारा इस रोचक प्रस्तुति के लिए स्वयं को उपस्थित होने के लिए गौरव मय बताया। इसके पश्चात कार्यक्रम में अतिथियों एवं सभी श्रोताओं के लिए आभार श्री पुष्पेंद्र दुबे जी द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध महानुभाव साहित्यकारों एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। संचालन काव्य रस परिवार के संस्थापक श्री राजेंद्र पांडे तपन द्वारा किया गया।









# 5 फरवरी से परीक्षा, नकल रोकने के लिए बनाए गए 50 कलेक्टर प्रतिनिधि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 5 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। इस बार नकल रोकने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। लेकिन शिक्षा विभाग को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त करने में पसीने आ गए।**

दरसअल, इंदौर जिले के 137 परीक्षा केंद्रों के लिए पहले ही कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त कर दिए गए थे। लेकिन 24 जनवरी को हुई ट्रेनिंग में करीब 80 कलेक्टर प्रतिनिधि पहुंचे ही नहीं। ये अलग-अलग बहाने बनाकर परीक्षा से हट गए। आखिरकार ऐनवक्त पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा 50 कलेक्टर प्रतिनिधि बदले गए।

## पेपर पहुंचाने का रहेगा जिम्मा

बोर्ड परीक्षा के दौरान पेपर लीक और नकल रोकने के लिए प्रत्येक केंद्र पर कलेक्टर प्रतिनिधि और पुलिसकर्मी नियुक्त किए जाने हैं। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। 10वीं बोर्ड परीक्षा 5 से और 12वीं की परीक्षा 6 फरवरी से शुरू होगी। संबंधित पुलिस थानों से लेकर परीक्षार्थी की टेबल तक प्रश्न-पत्र पहुंचाने का जिम्मा कलेक्टर प्रतिनिधि का रहेगा। करीब महीनेभर पहले से परीक्षा केंद्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी।



## देर रात तैयार हुई दूसरी सूची

24 जनवरी को मालव स्कूल में इन कलेक्टर प्रतिनिधियों की ट्रेनिंग भी हुई, लेकिन इसमें करीब 80 प्रतिनिधि पहुंचे ही नहीं। जो प्रतिनिधि नहीं पहुंचे उनमें से कुछ का पहले ही अन्य जिलों में ट्रांसफर हो चुका है, तो कुछ ने अपने विभागीय काम के दबाव के चलते प्रतिनिधि बनने से मना कर दिया। आखिरकार सोमवार देर रात कलेक्टर प्रतिनिधियों की दूसरी सूची तैयार हुई।

## यह रहेगी कलेक्टर प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी

कलेक्टर प्रतिनिधि को सुबह 6 से 7 बजे के बीच संबंधित थाना पहुंचना होगा। इसके बाद माशिमं के एप पर अपनी सेल्फी अपलोड करना होगी। तब परीक्षा केंद्राध्यक्ष तारीख के अनुसार पेपर का बाक्स निकालेगा और दर्ज जानकारी एप अपलोड करेगा। इसके बाद केंद्राध्यक्ष के साथ प्रतिनिधि भी केंद्र पहुंचेगा। इस दौरान पूरे समय जीपीएस पर लोकेशन ट्रेस होगी। सुबह 8.30 बजे के पहले इन्हें केंद्र पर पहुंचना होगा। यहां पेपर बाक्स खोलने से पहले केंद्र पर मौजूद पूरे स्टाफ के मोबाइल अलमारी में रख अलमारी सील करना होगी। 8.45 बजे कक्ष में पेपर के पैकेट पहुंचेंगे और 8.50 पर परीक्षार्थियों के सामने ही पैकेट खोले जाएंगे। सुबह 10 बजे तक प्रतिनिधि को यहां रुकना होगा।

## 50 नए कर्मचारियों के नाम जोड़े

कलेक्टर प्रतिनिधियों की दूसरी सूची तैयार की है, जिसमें 50 कर्मचारियों के नाम जोड़े गए है। संभवतः कुछ केंद्रों पर प्रतिनिधियों का बदलाव होगा। बुधवार तक अंतिम सूची तैयारी हो जाएगी।

**- मंगलेश व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी**

# नर्सिंग के छात्रों ने नाटक के जरिए दिए सार्थक संदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर।** इंडेक्स नर्सिंग कॉलेज द्वारा मेडिकल कॉलेज सभागृह में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नर्सिंग के छात्रों ने भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश की विकास गाथा को पेश किया। इसमें छात्रों द्वारा उभरते भारत की तस्वीर को पेश किया गया, जिसमें बेहतरीन कलाकारी के रूप में चंद्रयान से लेकर विकसित भारत के हर पहलू की पेशकश शामिल थी। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. स्मृति सोलोमन ने छात्रों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी देश का विकास और उत्थान युवाओं के सहयोग के बिना संभव नहीं है और आजादी सहित संविधान के लागू होने से अब तक हर स्तर पर देश के विकास में शिक्षण संस्थानों ने अहम् भूमिका निभाई है। इस अवसर पर डॉ. सृष्टि सराफ सांसद प्रतिनिधि, इंडेक्स समूह के डायरेक्टर आर एस राणावत, एडिशनल डायरेक्टर आर सी यादव, नर्सिंग कॉलेज प्राचार्या डॉ. स्मृति जी सोलोमन, डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. जीएस पटेल और प्राचार्या डॉ. रेशमा खुराना उपस्थित थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक